**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

**PUNJAB KESARI**

# एमबीए में दाखिले के लिए होगी राज्यस्तरीय परीक्षा

- **जे.सी. बोस विवि. ने दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए**
- **अंतिम तिथि 30 मार्च, 2020**

फरीदाबाद, 12 मार्च (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद शैक्षणिक सत्र 2020-21 में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है तथा दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय के एमबीए पाठ्यक्रम के लिए किसी भी संकाय से स्नातक उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च, 2020 है। ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से भरे जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए के दो पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है, जिसमें प्रत्येक में 60 सीटों का प्रावधान है। इनमें पहला एमबीए पाठ्यक्रम वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है और दूसरा खुदरा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय बीबीए और एमबीए-एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम भी चला रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने बताया कि एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 5 अप्रैल, 2020 को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी।

प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र फरीदाबाद, रेवाड़ी, हिसार, करनाल और रोहतक में प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू सहित अन्य एडमिशन राउंड क्लियर करने होंगे। उन्होंने बताया कि दाखिले के लिए 70 प्रतिशत अंक वरीयता लिखित परीक्षा को दी जाएगी। इसके अलावा, ग्रुप डिस्कशन के लिए 20 प्रतिशत और इंटरव्यू के लिए 10 प्रतिशत अंक होंगे।

उन्होंने बताया कि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत के साथ स्नातक की डिग्री या समकक्ष (हरियाणा के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के मामले में 45 प्रतिशत) उत्तीर्ण उम्मीदवार दाखिले के लिए पात्र हैं। हालांकि, अंतिम वर्ष के स्नातक या समकक्ष योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार अथवा ऐसे उम्मीदवार जिनका परिणाम प्रतीक्षित है, वे भी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद हरियाणा राज्य का एक प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालय है जोकि अपने उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड नैक मान्यता प्राप्त है और विश्वविद्यालय ने नवीनतम एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के सर्वश्रेष्ठ 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 13 March 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49910996

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

## THE PIONEER

### एमबीए में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय परीक्षा आयोजित करेंगे

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2020-21 में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है तथा दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है। विश्वविद्यालय के एमबीए पाठ्यक्रम के लिए किसी भी संकाय में स्नातक उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से भरे जा सकते है। विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए के दो पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है, जिसमें प्रत्येक में 60 सीटों का प्रावधान है। इनमें पहला एमबीए पाठ्यक्रम वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है और दूसरा खुदरा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय बीबीए और एमबीए-एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम भी चला रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने बताया कि एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 5 अप्रैल को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र फरीदाबाद, रेवाड़ी, हिसार, करनाल और रोहतक में प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू सहित अन्य एडमिशन राउंड क्लियर करने होंगे।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में एमबीए के लिए परीक्षा

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले के लिए राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। संस्थान में गुरुवार को हुई बैठक में ये फैसला लेने के साथ ही दाखिले को आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए किसी भी संकाय से स्नातक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 मार्च तक आवेदन का दौर जारी रहेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से एमबीए में दो पाठ्यक्रम का विकल्प मौजूद है। पहले एमबीए पाठ्यक्रम में वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन प्रबंधन की विशेषज्ञता जानने को मिलेगी। वहीं दूसरे में खुदरा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता सीख सकेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय बीबीए और एमबीए - एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम भी चला रहा है।

## पांच अप्रैल को आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पांच अप्रैल को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र फरीदाबाद, रेवाड़ी, हिसार, करनाल और रोहतक में बनाने की योजना है। प्रवेश परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को सामूहिक चर्चा और साक्षात्कार में राउंड में भी भाग लेना होगा। पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 70 फीसदी अंक लिखित परीक्षा के होंगे। जबकि सामूहिक चर्चा के लिए 20 और साक्षात्कार के लिए 10 अंक निर्धारित किए गए हैं।

## 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक जरूरी

कोर्स के लिए आवेदन करने को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक की डिग्री या समकक्ष (हरियाणा के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के मामले में 45 प्रतिशत) वाले उम्मीदवार पात्र होंगे। हालांकि, अंतिम वर्ष के स्नातक या समकक्ष योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार अथवा या फिर रिजल्ट अवेटिड वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए प्रोस्पेक्टस में उपलब्ध है।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# एमबीए के लिए 30 तक आवेदन

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में एमबीए में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ग्रैजुएशन में 50 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 30 मार्च है।

**वाईएमसीए यूनिवर्सिटी की तरफ से 5 अप्रैल को होगी राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा**

यूनिवर्सिटी में प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने बताया कि हमारे यहां एमबीए के 4 कोर्स हैं। हर कोर्स में 60 सीटें हैं। पहला कोर्स फाइनैंस मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता का है।

वहीं, दूसरा कोर्स रीटेल प्रबंधन, फाइनैंस मैनेजमेंट, इंटरनैशनल ट्रेड मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता का है। उन्होंने बताया कि एमबीए में दाखिले के लिए 5 अप्रैल को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र फरीदाबाद, रेवाड़ी, हिसार, करनाल व रोहतक में प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इंटरव्यू सहित अन्य एडमिशन राउंड क्लियर करने होंगे।

दाखिले के लिए 70 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा में आने चाहिए। इसके अलावा ग्रुप डिस्कशन के लिए 20 प्रतिशत व इंटरव्यू के लिए 10 प्रतिशत अंक होंगे।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा

जासं, फरीदाबाद : स्वावलंबन ट्रस्ट एवं जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में स्वावलंबी महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्षा मेघना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मेघना श्रीवास्तव ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कवि मनीष मौन का काव्य पाठ आकर्षण का केंद्र रहा। मनीष मौन ने मां को समर्पित रचनाएं प्रस्तुत कीं-साया हो अगर मां का, गरीबी कब सताती है, बिना पंखे, बिना कूलर किसे अब नींद भाती है, सुना है मां की लोरी में गजब का स्वाद होता है, जिसे वो जब सुनाती है, उसे बस नींद आती है।

राघवेंद्र ने गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पदमश्री डॉ. ब्रह्मदत्त, पूर्व सीपीएस शारदा राठौर, भाजपा नेत्री नीरा तोमर, रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार, बेटी बचाओ फाउंडेशन के संस्थापक वासुदेव तथा भाटिया सेवक समाज के प्रधान मोहन भाटिया विशिष्ट अतिथि थे।

**NEWS CLIPPING: 13.03.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विवि एमबीए में दाखिले के लिए राज्यस्तरीय परीक्षा आयोजित करेगा

## दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 30 मार्च

### दाखिले के लिए 5 अप्रैल को राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा होगी

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले के लिए राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 मार्च तक आमंत्रित हैं। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए किसी भी संकाय से स्नातक उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। यूनिवर्सिटी में एमबीए के दो पाठ्यक्रम हैं। इसमें प्रत्येक में 60 सीटें है। इनमें पहला एमबीए पाठ्यक्रम वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है और दूसरा खुदरा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी बीबीए और एमबीए-एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम भी चला रहा है। प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम के अनुसार एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 5 अप्रैल को राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए परीक्षा केंद्र फरीदाबाद, रेवाड़ी, हिसार, करनाल और रोहतक में प्रस्तावित हैं। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू सहित अन्य एडमिशन राउंड क्लियर करने होंगे। दाखिले के लिए 70 प्रतिशत अंक वरीयता लिखित परीक्षा को दी जाएगी। इसके अलावा ग्रुप डिस्कशन के लिए 20 और इंटरव्यू के लिए 10 प्रतिशत अंक होंगे। उन्होंने कहा सामान्य वर्ग के छात्र को मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 50 प्रतिशत के साथ स्नातक की डिग्री या समकक्ष होना जरूरी है। जबकि हरियाणा के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के छात्र के लिए 45 प्रतिशत अंक जरूरी हैं।